# मौलाना अबुल कलाम ने जो ख्वाब देखा था उसे पूरा करेंगे: प्रतापगढ़ी

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

आज़ाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलम आज़ाद की योमे पैदाइश पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी की तरफ से दिल्ली के जवाहर भवन सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में कई जानी मानी हस्तियों ने भाग लिया ,जिसमें प्रोफेसर अशोक कुमार पांडेय ,शक्ति सिंह,राम पुनियानी ,मोहसिना क़दिवई ,नेटा डिसूजा अदि लोग मौजूद रहे।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी मौलाना अबुल कलाम आजाद की मजार पर चादरपोशी और फातिहा पढ़ते हुए

अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी ने सेमिनार की शुरुआत करते हुए कहा कि आज इस सेमिनार में हर धर्म के लोग शामिल हैं मुस्लिम, हिन्दू ,ईसाई और हमारे सरदार भाई सभी आए हैं शायद इसी भारत का ख्वाब मौलाना अबुल कलाम आज़ाद देखते थे आज हम सब मिलकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं , हमने यह एक छोटी सी आज शुरुआत की है लेकिन अब इसको बड़े स्तर पर करेंगे।

प्रोफेसर अशोक कुमार पांडेय ने मौलाना आज़ाद और राष्ट्रवाद पर बात की उन्होंने कहा कि मौलाना को सब भूले हुए थे लेकिन आज इमरान प्रतापगढ़ी से यह शुरुआत करके बड़ा काम किया है उन्होंने कहा अगर कोई यह सोच कर बैठा हो कि मौलाना सिर्फ मुसलमानों के नेता थे तो वह उस परम्परा को भूल जा रहा है जिसको कॉंग्रेस ने पूरे देश में फैलाया है उन्होंने कहा कि मौलाना अबुल कलम आज़ाद ने सर सय्यद अहमद खान को चुनौती दी कि आप मुसलमानो की अस्मिता को क्यों अलग कर रहे हैं आप सिर्फ मुस्लिम के नाम पर यूनिवर्सिटी क्यों बना रहे हैं।

शक्ति सिंह ने कहा कि सदियों में ही ऐसी कोई हस्ती आती है जिसको लोग सदियों तक याद करते हैं मौलाना आज़ाद को आज हम सब श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ,उन्होंने कहा कि सबसे कम उम्र में अगर कोई कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना है तो वह मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ही थे 35 साल की उम्र में ही वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए थे।

राम पुनियानी ने कहा कि मौलाना सिर्फ मुसलमानों के नेता नहीं थे ब्लकि सबके नेता थे वह इंसानियत की बात करते थे ,राम पुनियानी ने कहा मौलाना आज़ाद को उस समय अध्यक्ष बनाया गया था जब एक तरफ वह लोग थे जो देश को आजाद कराने के खिलाफ़ थे और एक तरफ वह लोग थे जो देश की आज़ादी का ख्वाब देख रहे थे उस समय वह कॉंग्रेस के अध्यक्ष बने थे

मोहसिना क़दिवई ने कहा कि आज ज़रूरत है कि मौलाना की तक़रीर रिकॉर्ड में हर जागना बजनी चाहिए क्योंकि आज जो नफरत भरी गई उसको दूर करने के लिए इसकी बहुत ज़रूरत है। मोहसिना ने कहा आज हम एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते, जितना खूबसूरत देश हमारा है उतना खूबसूरत देश कहीं नहीं मिलेगा ,मौलाना ने कभी भी मज़हब को राजनीति में नहीं आने दी और हमेशा पाकिस्तान की मुखालफत की उन्होंने कहा कि आज नौजवानों से मेरी गुजारिश है कि वह उठ खड़े हों और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी समझें।

महिला कांग्रेस की अध्यक्षा नेटा डिसूजा ने कहा कि हम प्रोग्राम में आकर कुछ बातें सुनते हैं फिर भूल जाते हैं लेकिन एक तरफ वह हैं जो लगातार झूट फैला रहे हैं और हम सच देख कर चुप हो जाते हैं लेकिन अब हमें चुप नहीं होना बोलना है ताकि उनका प्रोपेगेंडा न चल पाए।

# बिहार: सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, तीन घायल



**सुपौल** ■ एजेंसियां/डेस्क

बिहार में सुपौल जिले के निर्मली थाना क्षेत्र अन्तर्गत मझारी और हरियाही के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -57 पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार सुबह सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रुप से जख्मी हैं, जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल, निर्मली में चल रहा है।

मृतक की पहचान मधुबनी निवासी मोहम्मद आरिफ (19), नियोर गांव निवासी मोहम्मद शफीद (60) और घोघरडीहा थाना क्षेत्र निवासी सोनू कुमार (20) के रूप में हुई है।

सूचना पाकर निर्मली सीओ मुकेश कुमार और थानाध्यक्ष पंकज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शवों एवं जख्मियों को एनएचआई के एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल, निर्मली लाया गया। जबकि घोघरडीहा थाना क्षेत्र के मृत युवक का शव परिजन इलाज कराने का हवाला देकर साथ लेकर चले गए।

घटनास्थल पर मौजूद मृतक के रिश्तेदारों ने बताया कि पेट्रोल पंप से ईंधन लेने के बाद दोनों बाइक एनएच-57 पर जा रहे थे। इसी दौरान दोनों बाइक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बाइक पर सवार लोग नीचे सड़क पर गिर गए। इतने में तेज रफ्तार ट्रक ने सभी को कुचल दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बाकी तीन का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

निर्मली सीओ मुकेश कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। सरकारी स्तर से पोस्टमार्टम व विभागीय प्रक्रिया के बाद परिजनों को मुआवजे की राशि दी जाएगी।

# हिंदू धर्म पर प्रहार करना कांग्रेस और गांधी परिवार का चरित्र: भाजपा

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस पर हिंदू धर्म के पर प्रहार करने का आरोप लगाया और इसके लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस और गांधी परिवार का यह चरित्र रहा है कि जब भी उनको मौका मिलता है तो वे हिंदू धर्म पर प्रहार करते हैं।





भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बड़ा दुखद विषय है कि 24 घंटे के भीतर हिंदू धर्म के ऊपर तीन बार प्रहार कांग्रेस पार्टी द्वारा होता है। ऐसा कार्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, राशिद अल्वी और अब स्वयं उनके सबसे बड़े नेता राहुल गांधी द्वारा किया जाता है।

पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने सलमान खुर्शीद के वक्तव्य के ऊपर, उनकी किताब के ऊपर अपनी सफाई रखी है। उन्होंने हिंदू धर्म और हिंदुत्व के ऊपर प्रहार किया है।

उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस और गांधी परिवार का चरित्र रहा है कि जब भी उनको मौका मिलता है तो वे हिंदू धर्म पर प्रहार करते हैं।

17 दिसंबर 2010 को राहुल गांधी ने कहा था कि देश को आतंकवाद से ज्यादा खतरा हिन्दुओं से है। पी चिदंबरम ने 25 अगस्त 2010 को पहली बार भगवा आतंकवाद शब्द का प्रयोग किया था।

भाजपा नेता ने कहा कि एक अखबार ने राहुल गांधी का वक्तव्य छापा था कि हां हम मुसलमानों की पार्टी हैं। सलमान खुर्शीद हिन्दू धर्म के विरोध में कहते हैं, उसको बोको हराम और आईएसआईएस से तुलना करते हैं, शशि थरूर हिन्दू तालिबान कहते हैं या जब भगवा आतंकवाद कहा जाता है, जो शब्द दिग्विजय सिंह और मणिशंकर अय्यर हिन्दू धर्म के खिलाफ प्रयोग करते हैं। दरअसल ये संयोग नहीं प्रयोग है। इस प्रयोगशाला के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी हैं।

# पीसी मोदी बने राज्य सभा के नए महासचिव

**नई दिल्ली।** प्रमोद चन्द्र मोदी (पीसी मोदी) ने शुक्रवार को राज्य सभा के नए महासचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। राज्य सभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने मोदी को पदभार ग्रहण कराया। पी सी मोदी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के पूर्व अध्यक्ष हैं। वो 1982 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने पीसी मोदी को 10 अगस्त, 2022 तक या अगले आदेश तक, राज्य सभा का महासचिव नियुक्त किया। वह डॉ. परसाराम पट्टाभि केशव रामाचार्युलु का स्थान लेंगे।

01 सितंबर, 1959 को जन्मे मोदी को सीबीडीटी के अध्यक्ष सहित भारत सरकार में विभिन्न पदों को संभालने का लगभग 40 वर्षों का लंबा अनुभव है। उन्हें न्यायशास्त्र और न्यायिक और अर्ध-न्यायिक प्रक्रियाओं का लंबा अनुभव है।

# पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं को मिले उचित सम्मान: सचिन पायलट

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि पार्टी के ऐसे सदस्य जिन्होंने भाजपा शासन के दौरान सड़कों पर संघर्ष किया है उनको उचित सम्मान मिलना चाहिए। ऐसे लोगों को सम्मानजनक पद देकर उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए।



पायलट ने शुक्रवार को दिल्ली पहुंचकर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य की स्थिति से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया है। पायलट ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सभी से फीडबैक ले रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कांग्रेस पुनः सत्ता में आए। इसके लिए पार्टी के सदस्यों का उचित सम्मान होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान कांग्रेस में चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए खुद पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी मैदान में हैं। सोनिया गांधी ने शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को तलब कर उनसे बात की थी। इसी क्रम में सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट को आज दिल्ली तलब कर बातचीत की है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी आलाकमान की पूरी कोशिश है कि राजस्थान के कैबिनेट विस्तार में सचिन पायलट के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व मिले। जिससे दोनों नेताओं के आपसी विवाद खत्म हो सके।

# अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो बांग्लादेशी तस्करों की मौत

**नई दिल्ली।** कूचबिहार में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मवेशियों की तस्करी की कोशिश रोक रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गोलीबारी में शुक्रवार को दो बांग्लादेशी मवेशी तस्करों की मौत हुई।बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान एक जवान भी घायल हुआ, जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि घटना तड़के तीन बजे की है, जब बांग्लादेश की ओर से कुछ अवांछित तत्व भारतीय क्षेत्र में मवेशियों की तस्करी करने के लिए दाखिल हुए और उन्होंने मवेशियों की तस्करी का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि जवानों ने भारत-बांग्लादेश सीमा से पहले ही उन लोगों से वापस जाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। बीएसएफ के जवानों ने बदमाशों को रोकने के लिए इसतरह के हथियारों का इस्तेमाल किया, जो जानलेवा नहीं थे। लेकिन तभी उन्होंने, जवानों पर लोहे की छड़ों और डंडों से हमला कर दिया।

# अगले पांच सालों में भारत को विश्व का फैशन हब बनाना है लक्ष्य: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

देश में फैशन और टेक्सटाइल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में फैशन प्रोफेशनल में इतनी संभावनाएं हैं कि वे भारत को विश्व का फैशन हब बनाने की क्षमता रखता है। देश में करीब 38000 से ज्यादा एनआईएफटी के छात्र रहे हैं, अगर इन सभी के टैलेंट का इस्तेमाल किया जाए तो आने वाले पांच सालों में देश विश्व में फैशन हब बन सकता है। यह बातें शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के दीक्षांत समारोह में कही।




इस मौके पर उन्होंने छात्रों से कहा कि वे ट्राइबल और खादी के क्षेत्र में बन रही अपार संभावनाओं को तलाशें ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बुनकरों और लोक कलाकारों को भी लाभ मिल सकें। देश और दुनिया में छा जाने का हुनर है बशर्ते कि वे भारत का एक ब्रांड बनाए। इससे भारत दुनिया का फैशन कैपिटल के रूप में उभर सकता है।

# पहलवान निशा हत्याकांड का मुख्य आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

## पुलिस ने लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद की

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

हरियाणा के सोनीपत में महिला पहलवान निशा और उसके भाई की हत्या के मुख्य आरोपी कोच पवन को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पवन को दिल्ली के द्वारका इलाके से हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पवन के साथ दूसरे आरोपी सचिन को भी गिरफ्तार किया है। पवन के पास से लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद हुई है। पवन हत्या को अंजाम देने के बाद सचिन की बाइक से फरार हुआ था। हरियाणा के सोनीपत के हलालपुर में कुश्ती एकेडमी में महिला पहलवान निशा और उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इतना ही हमले में पहलवान की मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। हत्या का आरोप कोच पवन और उसके साथियों पर लगा है।



हत्या की वजह महिला पहलवान के साथ छेड़खानी का विरोध करना बताया गया है। पवन पिछले चार साल से कुश्ती सिखा रहा था। परिजनों का आरोप है कि कोच निशा पर बुरी नजर रखता था। जब निशा ने इसका विरोध किया तो पहलवान ने उसकी और उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। निशा के पिता दयानंद ने आरोप लगाया था कि पवन ने उनकी बेटी का ब्रेनवॉश कर दिया था, वह पैसे मांगता रहता था। उन्होंने उसे करीब 3.5 लाख रुपए भी दिए थे। दयानंद ने कहा था, निशा युवा रेसलर थी। वह रेसलिंग की दुनिया में अपना नाम कमाना चाहती थी।

# डॉ. निर्मल सिंह को अवैध निर्माण तोड़ने के निर्देश पर रोक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर स्पेशल ट्रिब्यूनल ने जम्मू-कश्मीर के जेडीए के उस नोटिस पर कार्रवाई की रोक लगा दी है जिसमें डॉ. निर्मल सिंह को अवैध निर्माण तोड़ने का निर्देश दिया गया था। जेडीए की ओर से आठ नवंबर को जारी नोटिस में डॉ. निर्मल सिंह को कहा गया था कि वह नगरोटा में किए गए अवैध निर्माण गिरा दे नहीं तो जेडीए स्वयं इमारत को तोड़ेगा।

डॉ. निर्मल सिंह ने जेडीए की ओर से जारी इस नोटिस को जम्मू-कश्मीर स्पेशल ट्रिब्यूनल में चुनौती दी। शुक्रवार को टिब्यूनल ने इस मामले में सुनवाई करते हुए आठ नवंबर को जारी नोटिस पर स्टे लगाते हुए जेडीए को सात दिसंबर 2021 तक मौके पर यथा स्थिति कायम रखने का निर्देश दिया है।

# ट्रेन ट्रैक पर अचानक गिरने लगे पत्थर

## कन्नूर-बेंगलुरु एक्सप्रेस के 5 डिब्बे पटरी से उतरे, सभी यात्री सुरक्षित

**बेंगलुरु** ■ एजेंसियां/डेस्क

कर्नाटक में शुक्रवार की सुबह एक बड़ा ट्रेन हादसा होते-होते टल गया। सुबह करीब 3 बजकर 50 मिनट पर कन्नूर-बेंगलुरु एक्सप्रेस के 5 डिब्बे बेंगलुरू मंडल के टोपपुरू-सिवदी के बीच अचानक पटरी से उतर गए। दक्षिण पश्चिम रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक सभी 2348 रेल यात्री सुरक्षित हैं। इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है।

कन्नूर-बेंगलुरु एक्सप्रेस जब टोपपुरू-सिवदी के बीच से गुजर रही थी. तभी अचानक पहाड़ के पत्थार टूटकर नीचे गिरने लगे। पटरियों पर पत्थकर आ जाने के कारण कन्नूर-बेंगलुरु एक्सप्रेस के 5 डिब्बे पटरी से उतर गए। ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत ट्रेन रोक दी, जिसके कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दक्षिण पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने हादसे का जायजा लिया। हादसा क्यों कि रात करीब 3 बजकर 50 मिनट पर हुआ, उस वक्तध ज्यादातर लोग ट्रेन में सो रहे थे। ट्रेन में मौजूद यात्रियों के मुताबिक हादसे के दौरान ट्रेन पर बड़े-बड़े पत्थ्र गिरने लगे। एक समय तो ऐसा लगा जैसे कोई बड़ा धमाका हुआ है।

# दिल्ली सीमा से आंदोलनकारी किसानों को हटाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के बार्डर पर आंदोलनरत किसानों को हटाने और पर्याप्त संख्या में अर्धसैन्य बलों की तैनाती की मांग खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस डीएन पटेल की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया।

कोर्ट ने ये याचिका इसलिए खारिज की क्योंकि याचिकाकर्ता की ओर से कोई वकील पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि इसके पहले की सुनवाई के दौरान भी याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करने कोई नहीं पहुंचा। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से वकील अमित महाजन पेश होते रहे।

याचिका वकील धनंजय जैन ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि किसानों के आंदोलन की आड़ में बैठे लोगों को हटाया जाए और पर्याप्त संख्या में अर्ध सैन्य बलों की तैनाती की जाए।



याचिका में कहा गया था कि 26 जनवरी को किसानों की ट्रैक्टर रैली के दौरान उपद्रवियों को नियंत्रित करने में दिल्ली पुलिस और सरकार पूरे तरीके से विफल रही। याचिका में कहा गया था कि जब पूरा देश गणतंत्र दिवस मना रहा था तो आंदोलनकारी किसान ट्रैक्टर पर बैठकर निकल गए। पुलिस से जिन रूटों पर जाने की सहमति बनी थी उसका उल्लंघन किया गया और दूसरे रूटों पर चले गए। आंदोलनकारियों ने न केवल सामान्य जीवन को प्रभावित किया बल्कि पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया। कुछ आंदोलनकारियों ने तो ट्रैक्टर के नीचे पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की।

याचिका में कहा गया था कि कुछ आंदोलनकारी बैरिकेड्स तोड़कर लाल किले के अंदर भी चले गए। वे वहां तक चले गए जहां से हमारे प्रधानमंत्री तिरंगा फहराते हैं। इस दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया और उन्हें गड्ढे में धकेल दिया गया। न्यूज चैनल्स में जो खबरें दिखाई गईं, उसके मुताबिक पूरे तरीके से अराजकता हावी हो गई। यह दिल्ली पुलिस के लिए शर्म की बात है कि आंदोलनकारी पूरे तरीके से हावी हो गए। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने समय पर फैसला नहीं लिया, जिसकी वजह से लाल किले से पुलिस को खदेड़ दिया गया। याचिका में कहा गया था कि कोई भी विरोध प्रदर्शन को जनतांत्रिक और सभ्य तरीके से किया जाना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा की अनुमति नहीं दी जा सकती है, वो भी गणतंत्र दिवस के दिन, जो हमारे गर्व का दिवस होता है। गणतंत्र दिवस के दिन ऐसा कर हमारे राष्ट्रीय गर्व को शर्म में बदलने की कोशिश की गई है। याचिका में कहा गया था कि दिल्ली पुलिस सीधे-सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आता है लेकिन 26 जनवरी के दिन दोनों ही असफल साबित हुए। ऐसे में स्थिति पर नियंत्रण के लिए सेना को बुलाने की जरूरत है।


**Morning Glory Leasing and Finance Limited**

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in

Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.

Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

**Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended September 30, 2021** (₹ in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | For the Quarter Ended on 30-09-2021 | For the Quarter Ended on 30-06-2021 | For the Quarter Ended on 30-09-2020 | For the Half Year Ended on 30-09-2021 | For the Half Year Ended on 30-09-2020 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1.69 | 1.25 | 1.25 | 2.94 | 2.50 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax & Exceptional items) | 0.74 | 0.36 | 0.22 | 1.11 | 0.22 |
| 3 | Net Profit for the period (before Tax after Exceptional items) | 0.74 | 0.36 | 0.22 | 1.11 | 0.22 |
| 4 | Net Profit for the period (after Tax after Exceptional items) | 0.55 | 0.27 | 0.18 | 0.82 | 0.19 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 60.49 | 105.90 | 14.62 | 166.39 | 40.38 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each) | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised) | | | | | |
| | 1. Basic | 24.29 | 42.53 | 5.87 | 66.82 | 16.22 |
| | 2. Diluted | 24.29 | 42.53 | 5.87 | 66.82 | 16.22 |

NOTES :

1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 12th November, 2021. The financial results for the quarter and Six Months ended September 30,2021 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quaterly/ annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly financial results is available on the stock exchange websites.(URL-www.msei.in) and also on above mentioned Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of Morning Glory Leasing and Finance Ltd

Sd/-

Rajesh Bagri

Managing Director

Place : New Delhi

Date : 12th November 2021